# प्रधानमंत्री के लाल परेड ग्राउंड में राज्य स्तरीय वर्चुअल संबोधन के दौरान शहर के मार्ग एवं पार्किंग व्यवस्था

**भोपाल (काप्र)।** लालपरेड ग्राउण्ड में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राज्यस्तरीय वर्चुअल संबोधन आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। दोपहर 3 बजे से कार्यक्रम में भाग लेने वाले सवारी वाहन (बस) का मार्ग एवं पार्किंग व्यवस्था निम्नानुसार रहेगी।




विदिशा, रायसेन, सागर, दमोह, जिले से आने वाली बसे वाया पटेल नगर, पिपलानी चैराहा, प्रभात चैराहा सुभाष रेलवे ओवर ब्रिज, डीबी मॉल से दाहिने मुड़कर लालपरेड ग्राउण्ड के पीछे स्थित आईटीआई मैदान/जेल मुख्यालय परिसर में पार्किंग करेंगे। सीहोर एवं राजगढ़, गुना, अषोक नगर जिले से आने वाली बसे लालघाटी चैराहा, व्हीआईपी रोड, रेतघाट, पॉलिटेक्निक कॉलेज चैराहा, गांधीपार्क , राजभवन के सामने से एमव्हीएम मैदान में पार्क होगी।

होशंगाबाद,हरदा, बेतूल से आने वाली बसें वाया ग्यारह मील, आरआरएल तिराहा, सावरकर सेतु, बीजेपी कार्यालय, अर्जुन नगर चैराहा, 1250 चैराहा, लिंक रोड नम्बर 01, अंकुर स्कूल तिराहा होकर एम.एल.ए रेस्ट हाउस परिसर में पार्किंग होगी। इन्दौर, धार, उज्जैन, देवास, शाजापुर से आने वाली बसे लालघाटी चैराहा, व्हीआईपी रोड़, रेतघाट, पॉलिटेक्निक कॉलेज चौराहा होकर रविन्द्र भवन परिसर में पार्क होगी। भोपाल जिले के अनुभाग बैरसिया, हुजूर, स्थानीय षहर से आने वाली समस्त बस वाहन लाभार्थियों को रोशनपुरा पर उतारकर अटल पथ मार्ग पर पार्क होगें। कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के चार पहिया वाहनों की पार्किंग लाल परेड मैदान बैंड स्कूल परिसर, आम बगिया में पार्किंग होगी। दो पहिया वाहनों की पार्किंग लाल परेड मैदान में हॉर्स राईडिंग परिसर में होगी ।

कार्यक्रम के दौरान दोपहर 13:00 बजे से आवश्यकतानुसार यातायात डायवर्सन व्यवस्था निम्नानुसार रहेगी।

**यातायात दबाव मार्ग:** रोशनपुरा चैराहा से गांधी पार्क, लालपरेड मैदान की ओर, डीबी मॉल तिराहे से जेल रोड, लालपरेड मैदान की ओर, लिली चैराहे से जहांगीराबाद, लालपरेड मैदान की ओर मार्ग पर यातायात दबाव रहेगा।

**वैकपिक मार्ग:** लोक परिवहन यान के लिए टी.टी.नगर न्यू मार्केट से रेल्वे स्टेशन, बस स्टैण्ड की ओर जाने वाली मिनी बसें एवं बड़ी बसें अपैक्स बैंक, लिंक रोड नंबर-1 से होते हुये बोर्ड ऑफिस चैराहा, प्रेस कॉम्प्लेक्स, बीएसएनएल तिराहा, ई.ओ.डब्ल्यू ऑफिस के सामने, केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-1, मैंदा मिल तिराहा, सुभाष नगर आरओबी ब्रिज, प्रभात चैराहा, बोगदापुल से होकर भारत टॉकीज होते हुये अपने गंतव्य स्थान तक जा सकेगी।

# एम्स में दुर्लभ रोग दिवस मनाया

**भोपाल (काप्र)।** एम्स के सेंटर आफ एक्सीलेंस फॉर रेयर डिजीज और बाल्य रोग विभाग द्वारा रेयर डिजीज डे मनाया गया। इस वर्ष की थीम है दी जीब्रा। इस अवसर पर एम्स के कार्यपालक निदेशक प्रो. अजय सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।



अपने विचार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम हमें परिसर के बाहर जाकर आयोजित करने चाहिए विशेष रूप से कॉलेज में जहां पर भविष्य के होने वाले माता-पिता पढ़ते हैं और उनमें इस तरह की जागरूकता की ज्यादा आवश्यकता है। प्रोफेसर सिंह ने कहा कि हमें दुर्लभ बीमारी से ग्रस्त बच्चों के इलाज में ऑक्यूपेशनल थेरेपी को भी शामिल करना चाहिए। हमें केवल बच्चों के जीवन को ही बेहतर नहीं बनाना है बल्कि उन्हें स्वावलंबी भी बनाना है। इससे पूर्व उपस्थिति का स्वागत बाल्य रोग विभागकी प्रमुख डॉ. शिखा मलिक ने किया। उन्होंने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम पूरे महीने भर चलाए गए और इस दौरान विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया जिसमें वाद विवाद, पोस्टर बनाना, स्लोगन इत्यादि शामिल थे। इसके अलावा दुर्लभ बीमारियों से ग्रस्त बच्चों ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

# प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की पुण्यतिथि पर कांग्रेसजनों ने किया उनका पुण्य स्मरण



**भोपाल (काप्र)।** आजादी के प्रेरणता स्वतंत्रता संग्राम सेनानी देश के प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेंद्र प्रसाद की 61 वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेस जनों ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय इंदिरा भवन राजीव गांधी सभागार मे आयोजित पुण्यतिथि कार्यक्रम में उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता और कार्यक्रम समन्वयक आनंद तारण ने प्रथम राष्ट्रपति के जीवन पर संक्षिप्त प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी राजीव सिंह, कांग्रेस पदाधिकारी के.के. मिश्रा, जे.पी. धनोपिया, दीपचंद यादव, पुनीत टंडन, अभिनव बारोलिया, मिथुन अहिरवार सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# पांच नंबर के शासकीय आवासों के बच्चों ने लगाई बाल आयोग में गुहार

**भोपाल (काप्र)।** राजधानी के 5 नंबर मार्केट के शासकीय आवासों में रहने वाले बच्चे जिनके मकानों के सामने एक एक खेल मैदान था जिसमे वो होली जलाते थे, गणेश जी, दुर्गा जी बैठाते थे, सुबह शाम दोपहर क्रिकेट, फुटबाल खेलते थे अब वहा सीमेंट क्रांकिट को मिलाने वाले मिक्सर मशीन की गड़गड़ाहट की आवाज आ रही है और बच्चो के 10 वी 12 वी की परीक्षा चल रही है ऐसे में पढ़ाई कैसे करें इन सब मुसुमियत के सवालों को लेकर 5 नंबर आवास के रहवासी बच्चे बाल अधिकार संरक्षण आयोग पहुंचे वहा पर उन्होंने आयोग के सदस्य को आवेदन और ज्ञापन दिया जिसमें अपनी सारी समस्याए बताई आयोग ने



संज्ञान लेते हुए कहा कि हम सब दिखवाते है। गौर तलब है की 5 नंबर स्थित खेल मैदान पर रवि शंकर मार्केट के दुकानदारों को शिफ्ट करने के लिए मध्य प्रदेश हाउसिंग बोर्ड के द्वारा बिना किसी अधिकृत अनुमति के एफ टाइप और जी टाइप की 108 की लाइन में दुकानों की शिफ्टिंग की जा रही है जिसके कारण एक खेल मैदान जिसमें रहवासियों के बच्चे खेलते थे वह खत्म हो जाएगा साथ ही रहवासियों के मकानों के सामने दुकानदारों के साथ ठेले वाले, रेवाड़ी वाले , फुलकी वाले , अंडे के ठेले वाले, आदि भी आयेंगे साथ ही शराब की दुकान भी वहा हे जिससे की पूरे रहवासियों की निजता, स्वतंत्रता का हनन होगा। वहा पर दुकानदारी के साथ ग्राहकों की भीड़ होगी, गाड़ियों की पार्किंग की दिक्कत होगी , यह प्रोजेक्ट 5 साल का बताया जा रहा है कोई भी प्रोजेक्ट सरकार का समय से पूरा नहीं होता उसमे दुगना समय लगता है।

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री
## लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड सीहोर (म.प्र.)

Mail I.D.:-eephseh@.nic.in Fax No.07562-224092 Telephone No.07562-224092 New Bus Stand Sehore 466001 (M.P.)

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 35/नि.प्र./खण्ड सीहोर/लोस्वा.यां.वि./2023-24 सीहोर दिनांक 22.02.2024

### निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदारों से मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रण सूचना जारी होने के दिनांक तक समस्त संशोधनों सहित ई-टेण्डरिंग पद्धति द्वारा आनलाईन निविदाओं में निहित शर्तों के अनुरूप आमंत्रित की जाती हैं, जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं कार्यों का विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती हैं। वेबसाईट पर होने वाली तकनीकी समस्याओं हेतु विभाग जिम्मेदार नहीं होगा।

| निविदा क्रमांक | कार्य | अनुमानित लागत (रु. में) | धरोहर राशि (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | कार्यपूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2024_PHED_335937_1 | सीहोर जिले के विकासखण्ड सीहोर/आष्टा के विभिन्न ग्रामों में संचालित नलजल प्रदाय योजनाओं में 200/150 मि.मी. व्यास के 120 मीटर गहरे 60 नग नलकूप खनन का कार्य। | 6734340.00 | 67343.00 | 10000.00 | 06 माह |
| 2024_PHED_335938_1 | सीहोर जिले के विकासखण्ड बुदनी एवं भैरुंदा के विभिन्न ग्रामों में संचालित नलजल प्रदाय योजनाओं में 200/150 मि.मी. व्यास के 120 मीटर गहरे 30 नग नलकूप खनन का कार्य। | 3367170.00 | 50000.00 | 5000.00 | 06 माह |
| 2024_PHED_335941_1 | सीहोर जिले के विकासखण्ड आष्टा के विभिन्न ग्रामों में 150/125/115 मि.मी. व्यास के 90 मीटर गहरे 60 नग नलकूप खनन का कार्य। | 4638840.00 | 50000.00 | 5000.00 | 06 माह |
| 2024_PHED_335940_1 | सीहोर जिले के विकासखण्ड इछावर के विभिन्न ग्रामों में 150/125/115 मि.मी. व्यास के 90 मीटर गहरे 60 नग नलकूप खनन का कार्य। | 4638840.00 | 50000.00 | 5000.00 | 06 माह |
| 2024_PHED_335939_1 | सीहोर जिले के विकासखण्ड इछावर के विभिन्न ग्रामों में 150/125/115 मि.मी. व्यास के 90 मीटर गहरे 60 नग नलकूप खनन का कार्य। | 4638840.00 | 50000.00 | 5000.00 | 06 माह |

| क्र. | कार्यक्रम का विवरण | निर्धारित निविदा कार्यक्रम (की डेट्स) एवं समय |
|---|---|---|
| 01. | ऑनलाईन बिड सबमिशन की अंतिम दिनांक | 04.03.2024 05.30 P.M. |
| 02. | बिड ओपनिंग दिनांक | 05.03.2024 05.30 P.M. |

जी- 24993/23

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड सीहोर (म.प्र.)

## पेज एक से जारी खबरों के शेष...

### द्रमुक, कांग्रेस को...

है। उन्होंने कहा कि भारत निरंतर विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है और अगर देश ने 100 गुना प्रगति की है, तो तमिलनाडु को भी 100 गुना प्रगति करनी चाहिए। उन्होंने द्रमुक पर वंशवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि द्रमुक केवल अपने बेटों के विकास के लिए उत्सुक है। वे अपने राजवंशों के लिए हैं, लेकिन मैं आपके (तमिलनाडु के लोगों) लिए हूं। लोग वंशवाद की राजनीति करने वालों को उचित सबक सिखायेंगे। उन्होंने दोनों पार्टियों पर लोगों को भाषा और नस्ल के आधार पर बांटने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वह तमिल भाषा नहीं जानते, लेकिन तमिलनाडु के लोगों के प्रति उनके मन में बहुत प्यार और स्नेह है। भाजपा कार्यकर्ताओं को चुनाव में घर-घर जाकर प्रचार करने का आह्वान करते हुए श्री मोदी ने दावा किया कि भाजपा इस बार 400 सीटें जीतेगी और तीसरी बार सरकार बनायेगी। उन्होंने कहा कि तिरुनेलवेली के लोगों के आशीर्वाद से वह दोबारा प्रधानमंत्री पद पर बैठेंगे।

### प्रदेश में 16,961 करोड़...

परियोजना शामिल हैं। प्रधानमंत्री देश को कोयला क्षेत्र की 1000 करोड़ से अधिक की परियोजनाएं समर्पित करेंगे। इनमें जयंत ओसीपी सीएचपी साइलो, एनसीएल सिंगरौली और दुधिचुआ ओसीपी सीएचपी-साइलो शामिल है। मध्य प्रदेश में बिजली क्षेत्र को मजबूत करते हुए प्रधानमंत्री पन्ना, रायसेन, छिंदवाड़ा और नर्मदापुरम जिलों में स्थित छह सबस्टेशनों की आधारशिला रखेंगे। इन सबस्टेशनों से प्रदेश के ग्यारह जिलों भोपाल, पन्ना, रायसेन, छिंदवाड़ा, नर्मदापुरम, विदिशा, सागर, दमोह, छतरपुर, हरदा और सीहोर के लोगों को लाभ मिलेगा। इन सबस्टेशनों से मंडीदीप औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगों को भी लाभ होगा। प्रधानमंत्री अमृत 2.0 के तहत लगभग 880 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं और राज्य भर के कई जिलों में जल आपूर्ति प्रणालियों को बढ़ाने और मजबूत करने की अन्य योजनाओं की आधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री खरगोन में जल आपूर्ति बढ़ाने की परियोजना भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे। सरकारी सेवाओं की प्रदाय व्यवस्था में सुधार की दिशा में मध्यप्रदेश में साइबर तहसील परियोजना बड़ा कदम है। इससे पूर्ण खसरा की बिक्री-खरीद का दाखिल खारिज शुरू से अंत तक कागज रहित और फेसलेस ऑनलाइन निपटान और राजस्व रिकॉर्ड में रिकॉर्ड सुधार होगा। यह परियोजना सभी जिलों में लागू की गई है। मप्र के लिए एक एकल राजस्व न्यायालय भी प्रदान करेगी। इसमें आवेदक को अंतिम आदेश की प्रमाणित प्रति भेजने के लिए ईमेल/व्हाट्सएप का भी उपयोग किया जाएगा। प्रधानमंत्री अन्य परियोजनाओं के अलावा मध्य प्रदेश में कई महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे।

### मोदी ने जारी की...

से संपर्क किया जा सकता है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) दुनिया की सबसे बड़ी प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण योजनाओं में से एक है। देश भर में इस योजना के तहत पंजीकरण कराने वाले पात्र किसान परिवारों को प्रति वर्ष 6,000 रुपये का मौद्रिक इनाम मिलेगा, जिसका भुगतान प्रत्यक्ष इनाम हस्तांतरण (डीबीटी) विधि का उपयोग करके हर चार महीने में तीन समान किश्तों में उनके बैंक खातों में किया जाता है।पीएम किसान का लाभ उठाने के लिए किसानों को इलेक्ट्रॉनिक नो योर कस्टमर प्रक्रिया पूरी करनी होगी। यह पीएम किसान पोर्टल के माध्यम से या निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) पर जाकर आसानी से किया जा सकता है। किस्त की राशि प्राप्त करने के लिए लाभार्थी किसानों का आधार उनके बैंक खातों से लिंक होना चाहिए। ईकेवाईसी और परिचालन बैंक खातों के साथ आधार को जोड़ना आवश्यक है। किसानों को पीएम किसान में ई-केवाईसी पूरा करने में मदद करने के लिए कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा चेहरे के प्रमाणीकरण-आधारित ई-केवाईसी वाला एक मोबाइल एप्लिकेशन विकसित किया गया है। किसान इस एप्लिकेशन का उपयोग अपना स्वयं का ई-केवाईसी पूरा करने के लिए कर सकते हैं और अपने पड़ोस के 100 अन्य किसानों को आराम से ई-केवाईसी पूरा करने में मदद कर सकते हैं।

### हम जो कहते ...

का सम्मान किया है। सीतामढ़ी में राजनाथ ने कहा कि जब अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण को लेकर आंदोलन चल रहा था तो कारसेवकों के एक जत्थे का नेतृत्व मैंने युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में किया था। मुझे इस आंदोलन के लिए जेल भी जाना पड़ा था। आज अयोध्या में भव्य राममंदिर का निर्माण हो गया है। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस की सरकार थी तो वे कहते थे कि ग़रीबी हटायेंगे। मगर ग़रीबी नहीं हटी। जबकि मोदीजी के नेतृत्व में दस वर्षों में 25 करोड़ लोग ग़रीबी से बाहर निकले हैं। यह मैं नहीं बल्कि नीति आयोग कह रहा है, कई फ़र्म्स कह रही हैं। भाषण देकर ग़रीबी नहीं समाप्त की जा सकती। रक्षा मंत्री ने कहा कि जब मैं डिफेंस मिनिस्टर बना था तो भारत से क़रीब एक हज़ार करोड़ रुपये का रक्षा निर्यात होता था। उन्होंने कहा कि अब वह बीस हज़ार करोड़ रुपये से अधिक हो चुका है। एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का रक्षा उत्पादन देश में हो रहा है। बिहार के एक दिवसीय दौरे पर आए पूर्व भाजपा अध्यक्ष ने सीतामढ़ी जिले में पुनौरा धाम में पूजा की। इस मंदिर के बारे में माना जाता है कि राजा जनक को इसी स्थान पर देवी सीता मिली थीं। सिंह ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा, ''जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विश्वसनीयता बढ़ रही है, कोई क्षेत्र नहीं बचेगा जहां 'कमल'नहीं खिलेगा।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर संत कॉलेज में हुई प्रतियोगिताएं




**भोपाल (हिनप्र)।** संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर प्रतियोगिताओं के आयोजन किए गए। अंतर-महाविद्यालयीन पोस्टर मेकिंग, साइंटिफिक रंगोली, निंबध लेखन एवं बेस्ट आउट आफ वेस्ट पर स्टूडेंट्स पर भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन एनसीएसटीसी, डीएसटी, जीओआई एवं मध्यप्रदेश काउंसिल आफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी ने किया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. सीमा हार्डिकर, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, भौतिक विज्ञान, सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या पीजी कॉलेज भोपाल एवं संगीता सक्सेना, स्टेट डायरेक्टर, डबल्यू.डबल्यू.एफ. (मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़) भोपाल, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी, डॉ. चंद्रा पालीवाल, डीन, साइंस एवं कार्यक्रम संयोजक, डॉ. माधवी गौर, विभागाध्यक्ष, प्राणी शास्त्र, प्रो. ज्योति सिंह, विभागाध्यक्ष, भौतिक विज्ञान उपस्थित थीं।

आयोजन में भोपाल के विभिन्न प्रतिष्ठित महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। अंतर-महाविद्यालयीन पोस्टर मेकिंग में प्रथम आरूषी दुबे, द्वितीय अर्चना एंथॉनी, एवं तृतीय महक जैन, साइंटिफिक रंगोली में प्रथम सुहानी जैन, द्वितीय दीपिका मेवाड़ा, एवं तृतीय रजनीश कौर, निबंध लेखन में प्रथम नेन्सी बुलचंदानी, द्वितीय अगमप्रीत कालरा एवं तृतीय शीनम बैग एवं बेस्ट आउट आफ वेस्ट में प्रथम आरूषी दुबे,द्वितीय जयश्री भावसार एवं तृतीय अगमप्रीत कालरा रहीं। विजेताओं को ट्रॉफी एवं सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# सिंधी समाज उत्थान पंचायत के गंनवानी मुख्य सलाहकार

**भोपाल (हिनप्र)।** सिंधी समाज उत्थान पंचायत विजयनगर ने संगठन का मुख्य सलाहकार पत्रकार हीरानंद गंनवानी को नियुक्त किया है। वे सिंधी समाज के विकास और एकता के लिए सुझाव देंगे। गंनवानी को मुख्य सलाहकार बनने पर पंचायत के संरक्षक रमेश भंभानी, अध्यक्ष कैलाश शर्मा, अशोक शोभानी, वासु



जेठानी, अशोक टिलवानी, सचिव कैलाश आसवानी ने बधाई दी है एवं शॉल उड़ाकर सम्मान किया। सिंधी उत्थान पंचायत विजय नगर के आजीवन सदस्यों को महा शिवरात्रि पर नेपाल में अभिमंत्रित किए गए रूद्राक्ष उपहार में दिए जाएंगे। यह जानकारी पंचायत अध्यक्ष कैलाश शर्मा ने दी है। शर्मा ने बताया है कि शिवरात्रि पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। आयोजन की तैयारियों को लेकर पंचायत पदाधिकारियों की बैठक हुई, जिसमें प्रताप राय तनवानी संस्थापक, संरक्षक रमेश कुमार भंभानी, इंदरदास मेंघनी ,मुख्य सलाहकार हीरानंद गनवानी व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री
## लो.नि.वि. संधारण संभाग क्रमांक 2 भोपाल

निविदा सूचना 40 वर्ष 2023-24 भोपाल दिनांक 21.02.2024

### निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट www. mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | ठेके की अनु.राशि (रुपए लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2024_PWDRB_335668_1 | सर्वेक्षण निर्माण उपसंभाग के अनुभाग क्रमांक-1 के अंतर्गत डी.एक्स टाईप बंगलों में विभिन्न विशेष मरम्मत/वार्षिक मरम्मत व अनुरक्षण का कार्य। | प्रथम | 50.00 |
| 2. | 2024_PWDRB_335669_1 | सर्वेक्षण निर्माण उपसंभाग के अनुभाग क्रमांक-1 के अंतर्गत ई.एफ.टाईप बंगलों में विभिन्न विशेष मरम्मत/वार्षिक मरम्मत व अनुरक्षण का कार्य। | प्रथम | 25.00 |
| 3. | 2024_PWDRB_335670_1 | सर्वेक्षण निर्माण उपसंभाग के अनुभाग क्रमांक-1 के अंतर्गत बंगला क्रमांक डी-7/3 में विभिन्न विशेष मरम्मत/वार्षिक मरम्मत व अनुरक्षण का कार्य। | प्रथम | 10.00 |
| 4. | 2024_PWDRB_335671_1 | सर्वेक्षण निर्माण उपसंभाग के अनुभाग क्रमांक-1 के अंतर्गत बंगला क्रमांक डी-30 एवं ई-9/8 व अन्य में विभिन्न विशेष मरम्मत /वार्षिक मरम्मत व अनुरक्षण का कार्य। | प्रथम | 40.00 |
| 5. | 2024_PWDRB_335672_1 | सर्वेक्षण निर्माण उपसंभाग के अनुभाग क्रमांक-1 के अंतर्गत बंगला क्रमांक डी-1 एवं डी-11/19 व अन्य में विभिन्न विशेष मरम्मत /वार्षिक मरम्मत व अनुरक्षण का कार्य। | प्रथम | 21.00 |
| 6. | 2024_PWDRB_335673_1 | सर्वेक्षण निर्माण उपसंभाग के अनुभाग क्रमांक-1 के अंतर्गत बंगला क्रमांक डी-11/4 एवं ई-8/21 व अन्य में विभिन्न विशेष मरम्मत /वार्षिक मरम्मत व अनुरक्षण का कार्य। | प्रथम | 25.00 |
| 7. | 2024_PWDRB_335674_1 | सर्वेक्षण निर्माण उपसंभाग के अनुभाग क्रमांक-1 के अंतर्गत विभिन्न शासकीय बंगलों के अंदर एवं बाहर रंगाई पुताई एवं पेंटिंग का कार्य। | प्रथम | 40.00 |
| 8. | 2024_PWDRB_335675_1 | सर्वेक्षण निर्माण उपसंभाग के अनुभाग क्रमांक-2 के अंतर्गत बंगला क्रमांक डी-3/1 से डी-3/8 में विभिन्न विशेष मरम्मत/वार्षिक मरम्मत व अनुरक्षण का कार्य। | प्रथम | 50.00 |
| 9. | 2024_PWDRB_335677_1 | सर्वेक्षण निर्माण उपसंभाग के अनुभाग क्रमांक-2 के अंतर्गत बंगला क्रमांक डी-3/18 से डी-3/24 में विभिन्न विशेष मरम्मत/वार्षिक मरम्मत व अनुरक्षण का कार्य। | प्रथम | 40.00 |
| 10. | 2024_PWDRB_335679_1 | सर्वेक्षण निर्माण उपसंभाग के अनुभाग क्रमांक-2 के अंतर्गत बंगला क्रमांक डी-2/1 से डी-2/8 में विभिन्न विशेष मरम्मत/वार्षिक मरम्मत व अनुरक्षण का कार्य। | प्रथम | 21.00 |
| 11. | 2024_PWDRB_335681_1 | सर्वेक्षण निर्माण उपसंभाग के अनुभाग क्रमांक-2 के अंतर्गत बंगला क्रमांक सी-2/1 से सी-2/8 में विभिन्न विशेष मरम्मत/वार्षिक मरम्मत व अनुरक्षण का कार्य। | प्रथम | 25.00 |
| 12. | 2024_PWDRB_335682_1 | सर्वेक्षण निर्माण उपसंभाग के अनुभाग क्रमांक-2 के अंतर्गत बंगला क्रमांक डी-2/9 से डी-2/21 में विभिन्न विशेष मरम्मत/वार्षिक मरम्मत व अनुरक्षण का कार्य। | प्रथम | 40.00 |
| 13. | 2024_PWDRB_335683_1 | सर्वेक्षण निर्माण उपसंभाग के अनुभाग क्रमांक-2 के अंतर्गत बंगला क्रमांक सी-2/13 में विभिन्न विशेष मरम्मत/वार्षिक मरम्मत व अनुरक्षण का कार्य। | प्रथम | 40.00 |
| 14. | 2024_PWDRB_335684_1 | सर्वेक्षण निर्माण उपसंभाग के अनुभाग क्रमांक-2 के अंतर्गत बंगला क्रमांक बी-1 से बी-7 मंत्री बंगले में विभिन्न विशेष मरम्मत/वार्षिक मरम्मत व अनुरक्षण का कार्य। | प्रथम | 60.00 |
| 15. | 2024_PWDRB_335685_1 | सर्वेक्षण निर्माण उपसंभाग के अनुभाग क्रमांक-2 के अंतर्गत बंगला क्रमांक बी-9 से बी-11 मंत्री बंगले में विभिन्न विशेष मरम्मत/वार्षिक मरम्मत व अनुरक्षण का कार्य। | प्रथम | 60.00 |
| 16. | 2024_PWDRB_335686_1 | सर्वेक्षण निर्माण उपसंभाग के अनुभाग क्रमांक-2 के अंतर्गत बंगला क्रमांक बी-8 मंत्री बंगले में विभिन्न विशेष मरम्मत/वार्षिक मरम्मत व अनुरक्षण का कार्य। | प्रथम | 25.00 |
| 17. | 2024_PWDRB_335687_1 | सर्वेक्षण निर्माण उपसंभाग के अनुभाग क्रमांक-2 के अंतर्गत विभिन्न शासकीय बंगलों में अंदर एवं बाहर रंगाई पुताई एवं पेंटिंग का कार्य। | प्रथम | 60.00 |
| 18. | 2024_PWDRB_335688_1 | सर्वेक्षण निर्माण उपसंभाग के अनुभाग क्रमांक-3 के अंतर्गत बंगला क्रमांक ई.एन. 1/1 से ई.एन. 1/27 में विभिन्न विशेष मरम्मत/वार्षिक मरम्मत व अनुरक्षण का कार्य। | प्रथम | 30.00 |
| 19. | 2024_PWDRB_335689_1 | सर्वेक्षण निर्माण उपसंभाग के अनुभाग क्रमांक-3 के अंतर्गत बंगला क्रमांक ई.एन. 2/1 से ई.एन. 2/20 में विभिन्न विशेष मरम्मत/वार्षिक मरम्मत व अनुरक्षण का कार्य। | प्रथम | 30.00 |
| 20. | 2024_PWDRB_335691_1 | सर्वेक्षण निर्माण उपसंभाग के अनुभाग क्रमांक-3 के अंतर्गत बंगला क्रमांक डी-1 से से डी-10 उपरांत कालोनी में विभिन्न विशेष मरम्मत/वार्षिक मरम्मत व अनुरक्षण का कार्य। | प्रथम | 30.00 |
| 21. | 2024_PWDRB_335692_1 | सर्वेक्षण निर्माण उपसंभाग के अनुभाग क्रमांक-3 के अंतर्गत बंगला क्रमांक डी-11 से से डी-20 उपरांत कालोनी में विभिन्न विशेष मरम्मत/वार्षिक मरम्मत व अनुरक्षण का कार्य। | प्रथम | 30.00 |
| 22. | 2024_PWDRB_335693_1 | सर्वेक्षण निर्माण उपसंभाग के अनुभाग क्रमांक-3 के अंतर्गत बंगला क्रमांक डी-21 से से डी-30 उपरांत कालोनी डी-3/24 एवं डी-10/1 में विभिन्न विशेष मरम्मत /वार्षिक मरम्मत व अनुरक्षण का कार्य। | प्रथम | 25.00 |
| 23. | 2024_PWDRB_335696_1 | सर्वेक्षण निर्माण उपसंभाग के अनुभाग क्रमांक-3 के अंतर्गत बंगला क्रमांक बी-7 (उपलोकायुक्त निवास) बी-8 (लोकायुक्त निवास) श्यामला हिल्स में विभिन्न विशेष मरम्मत/वार्षिक मरम्मत व अनुसरक्ष का कार्य। | प्रथम | 60.00 |
| 24. | 2024_PWDRB_335698_1 | सर्वेक्षण निर्माण उपसंभाग के अनुभाग क्रमांक-3 के अंतर्गत विभिन्न शासकीय बंगलों में अंदर एवं बाहर रंगाई पुताई एवं पेंटिंग का कार्य। | प्रथम | 60.00 |
| 25. | 2024_PWDRB_335699_1 | सर्वेक्षण निर्माण उपसंभाग के अनुभाग क्रमांक-4 के अंतर्गत बंगला क्रमांक ई-7/9 से ई-7/28 में विभिन्न विशेष मरम्मत/वार्षिक मरम्मत व अनुरक्षण का कार्य। | प्रथम | 21.00 |
| 26. | 2024_PWDRB_335700_1 | सर्वेक्षण निर्माण उपसंभाग के अनुभाग क्रमांक-4 के अंतर्गत बंगला क्रमांक एफ-8/1 से एफ-8/48 एवं एफ 6/1 से एफ-6/32 में विभिन्न विषेश मरम्मत/वार्षिक मरम्मत व अनुरक्षण का कार्य। | प्रथम | 21.00 |
| 27. | 2024_PWDRB_335702_1 | सर्वेक्षण निर्माण उपसंभाग के अनुभाग क्रमांक-4 के अंतर्गत शासकीय बंगलो में अंदर अंदर एवं बाहर रंगाई पुताई एवं पेंटिंग का कार्य। | प्रथम | 40.00 |
| 28. | 2024_PWDRB_335703_1 | सर्वेक्षण निर्माण उपसंभाग के अनुभाग क्रमांक-4 के अंतर्गत बंगला क्रमांक ई-6/1 से ई-6/5 एवं एफ 5/1 से एफ-5/64 में विभिन्न विशेष मरम्मत/वार्षिक मरम्मत व अनुरक्षण का कार्य। | प्रथम | 21.00 |
| 29. | 2024_PWDRB_335706_1 | सर्वेक्षण निर्माण उपसंभाग के अनुभाग क्रमांक-4 के अंतर्गत विभिन्न शासकीय भवनों में जल अवरोध का कार्य। | प्रथम | 21.00 |

उपरोक्त वेबसाईट ऑनलाईन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय एवं जमा करने की अंतिम तिथि 7.3.2024 जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

जी- 24983/23

कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. संधारण संभाग क्रमांक-2 भोपाल